## एक नजर में

### जिला स्तरीय नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर को आयोजित होगी

**मंदसौर ।** न्यायधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधीर सिंह निगवाल द्वारा बताया गया कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मंदसौर कपिल मेहता के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय मंदसौर तथा तहसील न्यायालय गरोठ, भानपुरा, सीतामऊ, नारायणगढ़ में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर 2025 को किया जावेगा। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, पराक्रम्य अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, श्रम विवाद प्रकरण, भूमि अधिगृहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर, बिल, टेलीफोन बिल संबंधी प्रकरण (चोरी के मामलों को छोड़कर), सेवा मामले जो सेवा निवृत्त संबंधी लाभों से संबंधित है, दीवानी मामले तथा अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रिलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जावेगा। लोक अदालत में म.प्र. पश्चिम विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड, के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए 13 सितम्बर 2025 को होने वाली नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरणों में निम्न दाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि 05 किलो वाट भार तक के गैर घरेलु, 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट दी जावेगी। प्रिलिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जानें पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्श की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट की जावेगी।

लिटिगेशन स्तर पर :- कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छ:माही चक्रवृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्श की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत छूट दी जावेगी। नेशनल लोक अदालत में आवेदक द्वारा विद्युत चोरी, अनाधिकृत उपयोग पहली बार किये जाने की स्थिति में ही दी जावेगी। विद्युत चोरी, अनाधिकृत उपयोग के प्रकरणों में पूर्व की लोक अदालत, अदालतों में छूट प्राप्त किये उपभोक्ता, उपयोगकर्ता छूट के पात्र नहीं होंगे। सामान्य विद्युत देयकों के विरूद्ध बकाया राशि पर कोई छूट नहीं दी जायेगी। 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में उपरोक्तानुसार दी जा रही छूट आंकलित सिविल दायित्व 10 दस लाख रूपये तक के प्रकरणों के लिये सिमित रहेगी। यह छूट मात्र नेशनल लोक अदालत 13 सितम्बर 2025 में समझौता करने के लिये ही लागू रहेगी। अपराध शमन फीस अधिनियम के प्रावधान अनुसार वसूल की जावेगी। लोक अदालत के संबंध में जानकारी एवं कठिनाई या किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए पक्षकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर के कार्यालयीन समय में जिला विधिक सहायता अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 20 अगस्त को

**मंदसौर ।** अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल द्वारा बताया गया कि जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 20 अगस्त 2025 को शाम 05 .00 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम के सभा-भवन में आयोजित होगी।

### रेडक्रास जिला शाखा का निर्वाचन 25 को

**मंदसौर ।** डिप्टी कलेक्टर एवं मानसेवी सचिव, भारतीय रेडक्रास सोसायटी, मंदसौर ने बताया कि भारतीय रेडक्रास प्रबंध समिति, जिला शाखा मंदसौर का निर्वाचन 25 अगस्त 2025 को प्रात: 10:00 बजे से श्री संजय गांधी उद्यान परिसर में संपन्न होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए सभी आजीवन सदस्यों से नियत तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

## दलौदा में सर्राफा व्यापारी से लूट, सीतामऊ में चोरी - अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु ज्ञापन

**सीतामऊ। जिले में लगातार हो रही लूट और चोरी की घटनाओं से व्यापारी वर्ग में दहशत का माहौल बना हुआ है। दलौदा में सर्राफा व्यापारी से हुई लूट और सीतामऊ में हुई चोरी की वारदात के आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को सीतामऊ सर्राफा संगठन एवं सोनी समाज ने पुलिस अधीक्षक के नाम थाना प्रभारी मोहन मालवीय को ज्ञापन सौंपा।**



ज्ञापन में बताया गया कि 15 अगस्त 2025 की शाम 7 बजे दलौदा निवासी सर्राफा व्यापारी अमित पिता मनोहरलाल सोनी से 4 से 5 बदमाशों ने प्राणघातक हमला कर उन्हें नीचे गिरा दिया और सोना-चांदी से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना को चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अपराधियों को पकड़ने में असफल रही है।इसी प्रकार सीतामऊ नगर में कुछ दिन पूर्व सर्राफा व्यापारी मोनू प्रहलाद सोनी की दुकान का शटर काटकर अज्ञात चोर ज्वेलरी चोरी कर ले गए थे, लेकिन आज तक चोरी का खुलासा नहीं हो सका है।

संगठन ने बताया कि इन घटनाओं से व्यापारियों में भय का वातावरण है। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर चोरी और लूट की वारदातों का पर्दाफाश किया जाए। साथ ही रात्रिकालीन गश्त बढ़ाई जाए, जिससे इस प्रकार की घटनाओं पर रोक लग सके।

### सर्राफा एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**गरोठ।** हाल ही में दलौदा में सर्राफा व्यापारी अमित मनोहरलाल सोनी के साथ हुई लूट एवं जानलेवा हमले की घटना के विरोध में मंगलवार 19 अगस्त को मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज गरोठ एवं सर्राफा एसोसिएशन गरोठ के नेतृत्व में एडिशनल एसपी श्रीमती हेमलता कुरील को ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में मांग की गई कि लूट की वारदात में शामिल आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर संबंधित व्यापारी का लूटा हुआ माल बरामद कराया जाए।ज्ञापन सौंपते समय मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज गरोठ के अध्यक्ष एवं निमाड़ मालवा स्वर्णकार समाज सेवा संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय सोनी, युवा जिलाध्यक्ष गौरव सोनी, तहसील अध्यक्ष सत्यनारायण सोनी (सोनी ज्वेलर्स), बद्रीलाल सोनी (एस.बी. ज्वेलर्स), किशोर सोनी, हरीश सोनी (टेंट), योगेश सोनी, आदि थे।



### ग्राम मुल्तानपुरा में बीमारी से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों को किया जागरूक

**मंदसौर। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग के निर्देशन में आज ग्राम मुल्तानपुरा स्थित शासकीय विद्यालय में बच्चों को तक्क्र (गिलियन बैरी सिंड्रोम) बीमारी से बचाव एवं रोकथाम के संबंध में विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र मेडिकल कॉलेज की विशेषज्ञ टीम एवं ढ्ढष्ठस्क्र (इंटीग्रेटेड डिज़ीज़ सर्विलांस प्रोग्राम) टीम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।**

सत्र में विद्यार्थियों को बताया गया कि तक्क्र एक दुर्लभ लेकिन गंभीर बीमारी है, जो नसों को प्रभावित करती है और समय पर पहचान एवं उपचार से इसका प्रबंधन संभव है। बच्चों को रोग के लक्षणों, बचाव के उपायों तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने की आवश्यकता के बारे में विस्तार से समझाया गया।

साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। स्वच्छ एवं सुरक्षित भोजन (*Safe Food*) का ही सेवन करें। हाथ धोने की आदत को दैनिक जीवन में अपनाएं। बीमारी के शुरुआती लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें।

## मंदसौर की कानून व्यवस्था पूरी तरह विफल हो चुकी : टूटेजा

**मंदसौर।** जिले की कानून व्यवस्था दिन पर दिन प्रतिदिन बिगढ़ती जा रही है भाजपा नेता श्याम धाकड़ हत्याकांड हो या फिर दलोदा का लूट कांड या फिर अन्य क्षेत्रों में होने वाली लगातार चोरियां सभी मामलों में मंदसौर पुलिस खाली हाथी हि है उक्त बात कहते हुए पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष मनजीत सिंह टुटेजा ने बताया कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री मोहन यादव के संभाग वाले जिले और प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा की विधानसभा में भाजपा नेता और मंडल पदाधिकारी श्याम धाकड़ की हत्या के 1 माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस अभी तक घटना का खुलासा नही कर पाई है। भाजपा नेता की हत्याकांड में पुलिस की स्थिति यह है तो अन्य मामलों में क्या हालत होंगे इससे अंदाजा लगाया जा सकता हे। टुटेजा ने बताया की मंदसौर में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस जैसे दिन भी उन्हे कोई खौफ नहीं है।



### मंदसौर जिले में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान बनाने हेतु उन्मुखीकरण कार्यशाला

**मंदसौर। भारत सरकार के तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान दिशा-निर्देशों के तहत मंदसौर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल एवं जिला पंचायत भवन, मंदसौर में संपन्न हुई।**

कार्यशाला का आयोजन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अनुकूल जैन के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड समन्वयक उपस्थित रहे।सीईओ जैन ने निर्देश दिए कि जिले के सभी शिक्षण संस्थानों को 25 अगस्त से 21 सितम्बर 2025 तक तंबाकू मुक्त बनाने हेतु निर्धारित गतिविधियों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। शिक्षण संस्थान के प्रमुख स्थानों पर तंबाकू मुक्त क्षेत्र बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं। संस्थान परिसर में तंबाकू उपयोग का कोई भी प्रमाण (सिगरेट-बीड़ी के टुकड़े, गुटखा-तंबाकू पाउच, पीक के धब्बे आदि) नहीं होता।

**एक नजर** — जनसुनवाई बनी आमजन की आवाज

## कलेक्टर, एडीएम व सीईओ ने 74 आवेदकों की सुनी पीड़ा

**मंदसौर। जिला स्तरीय जनसुनवाई सुशासन भवन सभाकक्ष में आयोजित की गई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल तथा सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने कुल 74 आवेदकों की समस्याएँ सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का समयबद्ध और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके।** जनसुनवाई में आए प्रमुख आवेदन में नावली निवासी राजेश कुमार द्वारा मंदिर की रसोई निर्माण एवं चबूतरे पर टीनशेड नवीनीकरण के संबंध में आवेदन, जिस पर तहसीलदार मंदसौर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए गए। खेताखेड़ा निवासी लक्ष्मीनारायण ने अन्नपूर्णा स्व-सहायता समूह की जांच हेतु आवेदन दिया, जिस पर सीईओ जनपद सितामऊ को जांच के निर्देश दिए। काचरिया चन्द्रावत निवासी देवीलाल ने निजी विद्यालय से पुत्री का स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने संबंधी आवेदन दिया, जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर को जांच कर कार्यवाही करने को कहा गया। चांदाखेड़ी निवासी मांगीलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर सीईओ जनपद मंदसौर को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिए।इसके अलावा जनसुनवाई के दौरान शासकीय पट्टे की भूमि पर अवैध निर्माण, मकानों से अवैध कब्जा हटाने, विद्युत डीपी लगवाने, प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि दिलवाने, सफाई कर्मियों की मजदूरी बढ़ाने आदि विषयों पर भी आवेदन प्राप्त हुए।



# नीमच

## एक नजर में

### वसुधैव कुटुंबकम्'' भारतीय संस्कृति का आदर्श, जाजू कन्या कॉलेज में हुए विविध आयोजन



**नीमच।** म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी भारतीय ज्ञान परंपरा वार्षिक गतिविधि कैलेंडर के अंतर्गत श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच में विभिन्न शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का मुख्य विषय वसुधैव कुटुंबकम रखा गया, जिसके अंतर्गत विशेष व्याख्यान, संगीत प्रस्तुति एवं पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई।कार्यक्रम की शुरुआत वसुधैव कुटुंबकम्पर विशेष व्याख्यान से हुई। प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी ने इस अवधारणा के व्यवहारिक एवं दार्शनिक महत्व को रेखांकित किया। वहीं मुख्य वक्ता प्रो. हीर सिंह राजपूत ने इसे वैश्विक और राजनीतिक दृष्टिकोण से समझाते हुए आज के युग में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की यह मूल भावना आज भी विश्व में शांति और सौहार्द का संदेश देती है।इसके बाद संगीत विभाग की छात्राओं कु. खुशी मेहरा, कु. विस्मिता जैन और श्रीमती राधिका काबरा ने भारतीय संस्कृति पर आधारित गीत-संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इनका संयोजन संगीत विभाग के प्रो. संजय बिजोलिया और डॉ. अमृता सोनी ने किया। साथ ही चित्रकला विभाग द्वारा विश्व शांति एवं सौहार्द विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका संयोजन डॉ. राजेश डोडिया एवं सुश्री तनवी सक्सेना ने किया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। निर्णायक मंडल में डॉ. बीना चौधरी, डॉ. पी.सी. रांका और डॉ. रश्मि हरित सम्मिलित रहे।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. मीनाक्षी यादव (एम.ए. प्रथम सेमेस्टर चित्रकला), द्वितीय स्थान कु. लतिका सोनी (बी.ए. प्रथम वर्ष) तथा तृतीय स्थान कु. अंजलीना मन्सुरी (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया।

पूरे आयोजन का संयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रामकुमार पेंसिया के निर्देशन में हुआ। प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी की अध्यक्षता में संपन्न इस कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. रश्मि वर्मा ने किया। छात्राओं की सक्रिय सहभागिता और उत्साहपूर्ण उपस्थिति से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष बाहेती का महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने किया स्वागत

**चीताखेड़ा।** हिंदुस्तान में देश की रक्षार्थ में अपना बलिदान देने वाला गांधी परिवार के चिराग आल इंडिया कांग्रेस सर्वोपरि दुनिया के जननायक फ्रीडम फाइटर विपक्ष नेता जनविरोधी भाजपा सरकार की कुनितियों के खिलाफ जनता के हितों के लिए चटान की तरह खड़े राहुल गांधी के निर्देशन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी के विश्वास पात्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य तरुण बाहेती को नीमच जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद पर तरुण बाहेती का मनोनीत किए जाने पर मनासा महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुश्री मोना शर्मा और जीरन महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुमित्रा मांगरिया ने फूल-मालाओं से स्वागत किया।

## माटी गणेश पर्यावरण संरक्षण की अद्वितीय पहल : गिरिराज सिंह चौहान

▸ प्रस्फुटन समितियों का प्रशिक्षण और माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाला आयोजित

नवभारत न्यूज

**नीमच। प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा विकासखण्ड स्तरीय प्रस्फुटन समितियों के सक्रीयकरण प्रशिक्षण एवं माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यशाल का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में किया गया।**



> कार्यशाला में प्रस्फुटन समितियां के निर्माण संबंधी, नवांकुर सखियों को जो बीज रोपण हेतु दिए गए हैं उनके लालन-पालन संबंधी, माटी से गणेश निर्माण संबंधी और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम साथ ही जन अभियान परिषद की कार्य पद्धति, कार्यशैली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यशाला का संचालन लेखापाल पवन कुमरावत ने किया आभार प्रदर्शन ताराचंद पाईवाल ने किया।

मुख्य अतिथि गायत्री परिवार के जिला प्रमुख श्री गिरिराज सिंह चौहान एवं प्रशिक्षक श्री यशवंत प्रजापति एवं सुश्री हर्षिता सोनी ने कार्यशाला का शुभारंभ किया। जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर ने स्वागत उदबोधन देकर कार्यशाला आयोजन के महत्व से सभी को अवगत कराया। श्री गिरीराज सिंह चौहान ने कहा कि जन अभियान परिषद हमेशा अभिनव पहल के लिए जाना जाता है वह निरंतर कुछ ना कुछ नवीन समाज को देता है इसी क्रम में माटी गणेश की अवधारणा भी बहुत प्रसंसनीय है जो पर्यावरण संरक्षण की अद्वितीय पहल है। पर्यावरण संरक्षण को लेकर माटी गणेश अभियान के तहत हम आस्थावान होते हुए पर्यावरण संरक्षण हेतु मिट्टी के गणेश का निर्माण कर लोगों को जागरूक करें कि अपने घरों में और आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में मिट्टी से गणेश निर्माण कर उनकी पूजा करें व ग्राम स्तरीय प्रस्फुटन समितियां भी समाज के विकास में अपनी भूमिका निभा रही है। कार्यशाला में मिट्टी से गणेश जी की मूर्ति का निर्माण का प्रशिक्षण श्री यशवंत प्रजापति एवं सुश्री हर्षिता सोनी द्वारा दिया गया एवं सभी प्रतिभागियों द्वारा स्वयं भी मिट्टी के गणेश जी बनाये गये।

### 12 शिकायतों में एनसीआरपी पोर्टल के माध्यम से राशि कराई रिफंड

**नीमच। पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिला नीमच में प्राप्त धोखाधड़ी संबंधी शिकायतों को गंभीरता से लेकर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु प्रभारी सायबर सेल प्रदीप शिन्दे एवं सायबर टीम निर्देशित किया गया था।** सायबर सेल नीमच द्वारा पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में अगस्त 2025 में एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में से 12 शिकायतों में फ्रीज की गई कुल 7,57,376/- रूपयें की राशि को आवेदकों के वास्तविक खातों में रिफण्ड करवाया गया है। विदित् हो कि पूर्व में सायबर सेल द्वारा वर्ष 2024-2025 में प्राप्त शिकायतों में त्वरित कार्यवाही करते हुये पेमेन्ट गेटवे, वालेट्स, माननीय न्यायालय के आदेश से कुल 29,80,042/- रूपयें की राशि आवेदकों के वास्तविक खातों में रिफण्ड करवाई गई है एवं वर्तमान तक कुल 37,37,418/- रूपयें की राशि आवेदकों के वास्तविक खातों में रिफण्ड करवाई गई है। सायबर सेल नीमच द्वारा फ्रॉड संबंधी शिकायतों पर कार्यवाही कर विभिन्न माध्यमों से फ्रॉड की राशि आवेदकों के वास्तविक खातों में रिफण्ड करवाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है।



### आरएपीपी के अधिकारियों ने मॉक ड्रिल को लेकर ग्रामीणों एवं अधिकारियों की आवश्यक बैठक ली

**सिंगोली।** मंगलवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में राजस्थान परमाणु ऊर्जा परियोजना रावतभाटा (आर ए पी पी) के अधिकारियों ने जावद एसडीएम प्रीति संघवी नाहर की उपस्थिति में आगामी दिनों में मध्यप्रदेश और राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में होने वाली मॉकड्रिल को लेकर आवश्यक बैठक हुई भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाव एवं सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने और आगामी दिनों में मध्यप्रदेश और राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में कोज्या, परिछा के ग्रामीणों को मॉकड्रिल के संबंध में प्रोजेक्टर के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी। बताया कि सीमावर्ती ग्राम कोज्या और परिछा के ग्रामीणों को मॉक ड्रिल के बारे में कोई जानकारी नहीं है ऐसे में उन्हें जागरूक करने और 29 अगस्त को सीमावर्ती ग्रामों में होने वाली मॉक ड्रिल की जानकारी देने के लिए उक्त बैठक आयोजित की गई है। ग्राम कोज्या और परिछा दोनों ही परमाणु संयंत्र के सीमा क्षेत्र में आते हैं जिससे भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने बचाव के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**एक नजर** — मनासा तहसील के ग्राम खजूरी के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर

## कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, सरपंच पर पक्षपात का आरोप

नवभारत न्यूज

**नीमच। जिले की मनासा तहसील के ग्राम खजूरी के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर दोबारा हो रहे अवैध कब्जे को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के सरपंच दबाव में आकर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, जबकि भूमि पर होने वाले मांगलिक आयोजनों में लगातार बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं।** इस दौरान ग्रामीणों ने सरपंच के खिलाफ नारेबाजी की और अतिक्रमणकारियों पर तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।




ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि खजूरी गांव की शासकीय भूमि सर्वे नंबर 1286 रकबा 0.92 आरी पर शासन द्वारा मांगलिक कार्य हेतु सार्वजनिक डोम बनाया गया है। लेकिन उसके सामने पड़ी भूमि पर कुछ लोगों ने लंबे समय से अवैध कब्जा कर रखा था। इस मामले में पहले भी ग्रामीणों की शिकायत पर 06 जून 2025 को तहसीलदार मनासा की मौजूदगी में शासकीय अमले ने जेसीबी से अतिक्रमण हटवा दिया था। कार्रवाई के बाद भूमि पर उभरी मिट्टी और मलबा साफ नहीं होने से उसका उपयोग संभव नहीं हो सका।

ग्रामीणों का कहना है कि इसके बाद अतिक्रमणकारियों ने पुन: कब्जा जताना शुरू कर दिया है। बीते 18 अगस्त को जब ग्रामीण व सचिव जेसीबी लेकर भूमि की सफाई के लिए पहुंचे, तो अतिक्रमणकारियों ने विरोध करते हुए झगड़े की स्थिति बना दी और ग्रामीणों को वहां से भगा दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सरपंच दबाव में आकर इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।ग्रामीणों ने बताया कि 27 अगस्त से 2 सितंबर तक उक्त डोम पर श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होना है।



### सीआरपीएफ में क्रास कंट्री रेस का समापन

**नीमच। अन्य खेलों से अलग, क्रॉस कंट्री रेस व्यक्तिगत दृढ़ संकल्प और टीम भावना का मिश्रण है, जहाँ व्यक्तिगत रिकॉर्ड टीम की जीत के समान ही मायने रखते हैं, इसलिए क्रॉस कंट्री रेस सबसे अच्छा खेल है। इसमें धावकों को व्यक्तिगत समय और टीमों को पॉइंट स्कोरिंग पद्धति से आंका जाता है।** क्रॉस कंट्री दौड़ मैराथन दौड़ के विपरीत होती है। , ग्रुप केंद्र नीमच के तत्वावधान में 18 से 19 अगस्त तक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की अन्तर सेक्टर क्रॉस कन्ट्री रेस प्रतियोगिता-2025 आयोजित हुई। इसमें पूरे देश के सीआरपीएफ के प्रशासनिक सेक्टरों की 18 टीमों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का विधिवत समापन मंगलवार को मेहता स्टेडियम में एक भव्य समारोह के साथ किया गया। प्रथम स्थान पर पश्चिमोत्तर सेक्टर चण्डीगढ़, द्वितीय स्थान पर मध्य प्रदेश सेक्टर भोपाल तथा तृतीय स्थान पर झारखण्ड सेक्टर रांची की टीमें रही। इसी प्रकार से क्रॉस कन्ट्री रेस की व्यक्तिगत स्पर्धा में 77 बटालियन के सिपाही (जीडी) साहिल ने इसे 39.39 मिनिट में पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।